# श्रीकृष्ण राधा रुक्मिणी मंदिर निर्माण की तैयारी

## सीएम की घोषणा के बाद महलपुर पाठा पहुंचकर अफसरों ने बनाया प्राक्कलन

**रायसेन, 17 अगस्त. मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा जिले के ग्राम महलपुर पाठा में आयोजित कार्यक्रम में भगवान श्रीकृष्ण राधा रुक्मिणी के प्राचीन मंदिर को भव्य स्वरूप देने मंदिर निर्माण संबंधी की गई घोषणा को अमलीजामा पहनाने जिला प्रशासन ने तत्परता से कार्य शुरू कर दिया है.**

कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा के निर्देशानुसार घोषणा के अगले ही दिन रविवार को लोक निर्माण विभाग के मुख्य कार्यपालन यंत्री बीके सूत्रकार देवेंद्र पाठक (भवन) और प्रशासनिक अधिकारी महलपुर पाठा पहुंचे. और प्राचीन मंदिर को भव्य स्वरूप देने प्रथम स्तरीय प्राक्कलन तैयार किया गया. अधिकारियों द्वारा परमार वंश के प्राचीन श्रीकृष्ण मंदिर तथा आसपास के स्थलों का भ्रमण किया गया और मंदिर के पुजारी संतश्री अमृत दास महाराज जी और महलपुर पाठा गांव के वरिष्ठजनों से भी भगवान श्रीकृष्ण के भव्य मंदिर निर्माण की रूपरेखा के संबंध में चर्चा की.



उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने जन्माष्टमी पर रायसेन जिले के ग्राम महलपुर पाठा में आयोजित 'श्रीकृष्ण पर्व'- हलधर महोत्सव एवं लीला पुरुषोत्तम का प्रकटोत्सव और लोकार्पण-शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान भगवान श्रीकृष्ण के प्राचीन मंदिर को भव्य मंदिर बनाने की घोषणा की थी.

महलपुर पाठा में स्थित 13वीं शताब्दी में निर्मित यह ऐसा मंदिर है जहां राधा-कृष्ण और देवी रुक्मिणी की मूर्ति एक ही श्वेत पत्थर पर बनी हुई है. इस मंदिर पर लगा एक शिलालेख इसके संवत 1354 अर्थात वर्ष 1297 ई में निर्मित किए जाने की जानकारी देता है. मंदिर के पास ही प्राचीन किला भी है, जहां परमार वंश के राजाओं का शासन रहा. राधा-कृष्ण मंदिर भी उसी काल का है. साथ ही मकर संक्रांति पर यहां बड़ा मेला भी लगता है. यहां विष्णु यज्ञ भी होता है. मंदिर के पास स्थित किले में 51 बावड़ियां हैं. पास के जंगल से जैन परंपरा के भगवान आदिनाथ की मूर्ति मिली थी जो अब देवनगर में स्थापित है. मंदिर के पास में शिवलिंग, नंदी, गणेश और नाग देवता सहित नटराज की मूर्तियां हैं.

# कुशाभाऊ, अटल जी को दी श्रद्धांजलि

▸ भाजपा ने आयोजित किए विभिन्न कार्यक्रम

**बेगमगंज, 17 अगस्त. भारतीय जनसंघ से भारतीय जनता पार्टी तक संगठन की मजबूत नींव रखने वाले कुशाभाऊ ठाकरे की जयंती तथा भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि के अवसर पर भाजपा द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया.**

नगर के प्रत्येक बूथ पर बूथ अध्यक्षों व बूथ समिति सदस्यों ने वरिष्ठ कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित कर दोनों महान नेताओं को श्रद्धांजलि अर्पित की. बूथ स्तर पर कार्यक्रम सम्पन्न होने के उपरांत दोपहर 2 बजे सभी कार्यकर्ता दशहरा मैदान स्थित भाजपा कार्यालय बेगमगंज पहुंचे, जहां संगोष्ठी सभा का आयोजन किया गया.



संगोष्ठी को संबोधित करते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री रामपाल सिंह राजपूत ने कहाकि कुशाभाऊ ठाकरे का जीवन संगठन को समर्पित था. उन्होंने कार्यकर्ताओं के मार्गदर्शन से भाजपा को जन-जन तक पहुंचाया. वहीं, अटल बिहारी वाजपेयी जी की सरलता, ओजस्वी वक्तृत्व कला और राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानने की भावना आज भी पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है. कार्यक्रम में नगर मंडल अध्यक्ष अजय सिंह जाट, नगर पालिका अध्यक्ष संदीप लोधी, महामंत्री हरिनारायण लोधी, उपाध्यक्ष अमर सिंह शाक्य, वरिष्ठ कार्यकर्ता बसंत शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष कमल साहू, जिला मीडिया प्रभारी हरि साहू, नगर मीडिया प्रभारी गोलू कोडरिया तथा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष जगदीश लोधी पार्षद प्रतिनिधि राजीव दुबे पार्षद प्रतिनिधि बृजेश लोधी पार्षद प्रतिनिधि रवि राज सहित समस्त पार्षदगण एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

कार्यक्रम के अंत में सभी ने वाजपेयी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी. इस अवसर पर संगोष्ठी में मौजूद कार्यकर्ताओं ने संगठन और राष्ट्र सेवा के संकल्प को दोहराते हुए दोनों महान नेताओं के आदर्शों को जीवन में उतारने का संकल्प लिया.

### एक नजर में

## आग लगाकर फंदे पर झूले युवक की मौत

**बेगमगंज.** निकटवर्ती ग्राम गेहूंरास में एक विवाहित 25 वर्षीय युवक बृजेंद्र अहिरवार पिता लाल सिंह अहिरवार ने शराब के नशे में पहले कमरे में तेल डालकर आग लगाई फिर वह फांसी का फंदा लगाकर उस पर झूल गया। घटना में उसकी मौत हो गई. पुलिस सूत्रों के अनुसार बृजेंद्र सिंह शनिवार करीब 8 बजे गांव के सीताराम अहिरवार के साथ खेत पर दवाई छिड़कने गया था जोकि रात्रि करीब 8 बजे जब वापस घर आया तो शराब के नशे में था. पहले तो उसने माता-पिता एवं बहन से अभद्रता की, फिर उनके साथ मारपीट की और वहां से ग्राम पलोहा की तरफ भाग गया. रात्रि में करीब 10 बजे जब उसका चाचा बबलू अहिरवार घर आया तो देखा कि घर के कमरे में आग लगी हुई है. सभी परिजनों एवं पड़ोसी चीखपुकार सुनकर पहुंचे तो देखा कि बृजेंद्र सिंह कमरे में फांसी के फंदे पर झूल रहा है ओर आग की लपटों में घिरा हुआ है. उसके शरीर में आग लगी हुई है, करीब 50 प्रतिशत जल चुका था . परिजनों एवं पड़ोसियों द्वारा जैसे-तैसे आग बुझाई और पुलिस को मौके पर सूचना दी.

## घर में सो रही बच्ची को सांप ने डसा, मौत

**सिलवानी.** आदिवासी अंचल चौकी जैथारी के ग्राम फुलमार में रविवार को सर्पदंश से एक नाबालिग बालिका की मौत हो गई. मृतक की पहचान अनामिका आदिवासी (13) पिता बबलू आदिवासी निवासी ग्राम फुलमार के रूप में हुई है. जानकारी के अनुसार दिन रविवार के सुबह घर में सोते समय सांप ने बालिका के बाएं पैर के अंगूठे में काट लिया. परिजन तुरंत उसे उपचार के लिए सिलवानी सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टर आर एस पटेल ने उपचार के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया. सिलवानी पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराया और शव परिजनों को सौंप दिया है. जैथारी चौकी प्रभारी अरविंद पांडे ने बताया कि मर्ग कायम है जांच की जा रही है.

# विधायक देवेन्द्र पटेल के सिर कांटों का ताज

▸ खोए जनाधार को पाने की चुनौती

सईद नादां

**बेगमगंज, 17 अगस्त. जिले भर में बिखरी और गुटों में बंटी कांग्रेस को अस्तित्व की लड़ाई लड़ना पड़ रही है. पिछले विधानसभा में कांग्रेस 4 सीट में से बामुश्किल एक सीट सिलवानी जीत पाई थी , जबकि तीन सीट सांची , उदयपुरा एवं भोजपुर पर पराजय का सामना करना पड़ा था.**



चुनाव के बाद कांग्रेस सन्नपात में चली गई थी. जो धीरे-धीरे उबर रही थी कि जिला कांग्रेस के दो साल से खाली पड़े पद को पाने के लिए कई कांग्रेसियों में होड़ लग गई. संगठन के चुनाव के नाम पर शीर्ष नेतृत्व ने विधानसभा एवं जिले बार पर्यवेक्षकों की नियुक्ति करके दो महीने तक दावेदारों से खूब मशक्कत कराई. प्रत्येक विधानसभा में सर्वे के नाम पर रायशुमारी के लिए दावेदारों से भीड़ जुटवाई. कई दावेदारों का पलड़ा भारी रहा और एक अरसे के बाद उन्हें उम्मीद जागी कि अब जिला अध्यक्ष पद पर सही चयन होगा.

> **नवनियुक्त अध्यक्ष के सामने बड़ी चुनौती**
>
> पार्टी ने कमलनाथ कोटे से पूर्व में रहे जिलाध्यक्ष विधायक देवेंद्र पटेल पर शीर्ष नेतृत्व ने फिर से विश्वास करते हुए संगठन की कमान इस उम्मीद से सौंपी है कि वो जिले में कभी कांग्रेस का कैंसर रहे प्रदेश के एक कद्दावर नेता जो अब भाजपा में है , उनकी कार्यप्रणाली से जिले में खत्म प्राय: हो गई कांग्रेस को पुर्नजीवित करने के लिए कोई कोरकसर नहीं छोड़ेंगे . नवनियुक्त जिलाध्यक्ष देवेंद्र पटेल को इसके लिए हाड़तोड़ मशक्कत करना पड़ेगी.

पर्यवेक्षकों ने रायशुमारी के बाद दावेदारों को आश्वस्त किया कि उनकी रिपोर्ट निष्पक्षता से हाईकमान को दी जाएगी. दावेदार अपनी -अपनी ताजपोशी होने की कवायद लगा रहे थे , लेकिन राहुल गांधी ने आदत के अनुसार फिर बम फोड़ दिया. पर्यवेक्षकों की माथापच्ची एवं रायशुमारी , सर्वेक्षण सब धरा रह गया ओर कर्णधारों के कोटे के अनुसार ऊपर से ही अध्यक्ष थोप दिए गए हैं. रायसेन जिले में आधा दर्जन प्रमुख दावेदार अपनी -अपनी नियुक्ति को लेकर निश्चित थे कि इस बार उन्हें मौका मिलेगा और वो वर्षो से बिखरी , गुटों में बटी ओर ज्यादातर हिस्सों में अपना जनाधार खो चुकी कांग्रेस को मजबूत करेंगे.

## शौचालय के गड्ढे में गिरने से बच्ची की मौत

**सिलवानी.** बम्होरी थाना क्षेत्र के ग्राम पटना में शनिवार देर रात 5 वर्षीय पिंकी आदिवासी पिता दिनेश आदिवासी अपने घर के पीछे निर्माणाधीन शौचालय के गड्ढे में खेलते-खेलते गिर गई. गड्ढे में पानी भरा होने से बच्ची की डूबने से मौत हो गई. परिजनों द्वारा बच्ची की तलाश के दौरान गड्ढे में मिली. परिजनों ने उसे बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं. सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है.

रविवार को बच्ची का पोस्टमार्टम सिलवानी सिविल अस्पताल में कराया गया. इसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया. बम्होरी थाना प्रभारी प्रीतम सिंह ने बताया कि मर्ग कायम मामले की जांच की जा रही है.




# जनपद सीईओ नीलम रायकवार सम्मानित

▸ स्वतंत्रता दिवस पर प्रभारी मंत्री ने किया सम्मान

**सिलवानी, 17 अगस्त. जनपद पंचायत सिलवानी की मुख्य कार्यपालन अधिकारी नीलम रायकवार को स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर उनके उत्कृष्ट प्रशासनिक योगदान और जनसेवा के प्रति समर्पण के लिए सम्मानित किया गया.**

जिला मुख्यालय पर आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान, प्रदेश सरकार के मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं जिले के प्रभारी मंत्री नारायण सिंह पवार द्वारा उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया. कार्यक्रम में अनेक जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी और आम नागरिक उपस्थित रहे. नीलम रायकवार की कार्यकुशलता, योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और जनहित में निरंतर किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए यह सम्मान उन्हें दिया गया. उनके नेतृत्व में जनपद पंचायत सिलवानी ने विकास के कई आयामों में उल्लेखनीय प्रगति की है. यह सम्मान न केवल नीलम रायकवार के लिए गर्व का विषय है, बल्कि पूरे जनपद के लिए भी प्रेरणादायक उपलब्धि है.

# अब एक नंबर से पुलिस, एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड सेवाएं

▸ अब डायल 100 की बजाय डायल 112 कीजिये

**रायसेन, 17 अगस्त. अब डायल100 की बजाय डायल112 कीजिए 15 मिनट बाद लोकेशन पर वाहन सहित पुलिस लोकेशन पर पहुंचेगी .जीपीएस सुविधा से लैस पुलिस वाहन रहेंगे. मुस्तैद शहर से लेकर कस्बों गांवों के इलाकों में मिलेगी यह सुविधा.जल्द ही यह वाहन जिले के थानों को और मिलने वाले हैं.**

मध्यप्रदेश शासन की नई सौगात के रूप में रायसेन पुलिस को डायल-112 सेवा के 15 हाईटेक वाहन मिलेगे. इन अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस वाहनों से अब आमजन को और तेज एवं प्रभावी सहायता मिल सकेगी.14 अगस्त को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल से 1200 नए वाहनों को हरी झंडी दिखाकर पूरे प्रदेश के जिलों में रवाना किया था. रायसेन जिले को आवंटित 15 वाहन (12 स्कॉर्पियो और 3 बोलेरो) शामिल हैं .

पुलिस अधीक्षक पंकज कुमार पांडेय एएसपी कमलेश कुमार खरपुसे ने वाहनों का निरीक्षण कर उपलब्ध तकनीकी सुविधाओं की जानकारी ली उन्होंने वाहनों के संचालन के लिए नियुक्त पुलिस बल को आवश्यक प्रशिक्षण देने के निर्देश भी दिए. इसके बाद पूजा-अर्चना कर वाहनों को हरी झंडी दिखाकर फ्लैग मार्च जल्द निकाला जाएगा.

## चारा काट रहे किसान की करंट से मौत

**बेगमगंज, 17 अगस्त.** ग्राम नारायणपुर में किसान राहुल सिंह दांगी उम्र 32 वर्ष की खेत की मेड़ पर चारा काटते समय करंट लगने से मौत हो गई. इस गांव की 20 दिन पूर्व बिजली कंपनी द्वारा बिजली लाइन काट दी है . गांव के कुछ लोग खेत में लगी कृषि पंप के बिजली कनेक्शन की डीपी से तार लाइन डालकर बिजली लेकर उसका उपयोग कर रहे हैं.

## जंगल में पेड़ पर फंदे से लटका मिला युवक

**सिलवानी, 17 अगस्त.** आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र ग्राम जैथारी में रविवार को एक युवक का शव पेड़ पर लटका मिला. मृतक की पहचान अनिकेत साहू (23) पिता सुरेश साहू निवासी जैथारी के रूप में हुई है. अनिकेत रविवार सुबह गाय-भैंस चराने डुंगरिया रोड जंगल गया था.



# तिरंगा वाहन रैली में उमड़ा जनसैलाब

## लोहा मील से कृषि उपज मंडी तक निकाली रैली

**बेगमगंज, 17 अगस्त. स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर लोगों में देश प्रेम की भावना जागृत करने के लिए विशाल तिरंगा वाहन रैली का आयोजन किया गया.**

जिसका नेतृत्व मुस्लिम त्योहार कमेटी अध्यक्ष हाजी शफीक अली और हिंदू उत्सव समिति के पूर्व अध्यक्ष संजय राय ने किया. रैली से जहां देश प्रेम का संदेश दिया गया वहीं हिंदू मुस्लिम एकता की भी मिसाल पेश की गई . दोनों ही समुदाय के लोग काफी संख्या में अपने-अपने दो पहिया चार पहिया वाहनों के साथ शामिल हुए. विशाल रैली देखकर लोग सड़क किनारे खड़े होकर हाथ हिलाकर अभिवादन करते देखे गए. वहीं कई स्थानों पर पुष्प वर्षा कर वाहन रैली का स्वागत किया गया. डीजे और वाहनों पर बधें ध्वनी विस्तारक यंत्रों से बज रहे देश प्रेम के गीतों से पूरा नगर राष्ट्र प्रेम से ओत प्रोत हो गया. युवाओं ने जमकर आतिशबाजी की और जमकर नारे भी लगाए.

रैली में दोनों ही समुदाय के प्रमुख लोग शामिल हुए क्षेत्रीय विधायक देवेंद्र पटेल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महामंत्री राजेंद्र सिंह तोमर, पार्षद गण, मुस्लिम त्योहार कमेटी व हिंदू उत्सव समिति के के पूर्व अध्यक्षगण गणमान्य नागरिक, और भारी संख्या में युवा शामिल हुए. थाना प्रभारी राजीव उईके दलबल के साथ रैली के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था व्यवस्थित करते नजर आए. रैली के सफल आयोजन पर हाजी शफीक अली ने सभी का आभार व्यक्त किया.



## जस्सी अटवाल बने नगर हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष

**बाड़ी, 17 अगस्त.** नगर में हिंदू उत्सव समिति का रजिस्ट्रेशन वर्ष 2006 में हुआ इसमें नगर के सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ ही दशहरा पर्व मनाने के लिए समिति के संस्थापक सदस्य दो वर्ष के लिए सदस्यों में ही अध्यक्ष का चयन करते थे . हिंदू उत्सव समिति के संस्थापक सदस्यों की जिम्मेदारी होती हैं कि बह त्यौहारों के साथ ही समिति के अस्तित्व की भी रक्षा करें . दस साल से हिन्दू उत्सव समिति विश्वास में धोखा खा रही थी . इस बार संस्थापक सदस्यों ने मन बनाया कि जो भी अध्यक्ष बनेगा बह तीस बाय पचास पर पूर्ण उसके खर्चे से भवन निर्माण करके देगा. इस पर उपस्थित सदस्यों के बीच भाजपा के वरिष्ठ नेता सरदार जोधा सिंह अटवाल ने विचार विमर्श कर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के पास तीस बाय पचास का भवन निर्माण करके हिंदू उत्सव समिति के नाम रजिस्ट्री करने का वादा किया .

# छड़ी महोत्सव पर निकला चल समारोह

**रायसेन, 17 अगस्त. भादौ माह शुक्ल पक्ष की नवमीं को जाहरवीर गोगा नवमीं धूमधाम से मनाई गई. छड़ी महोत्सव का चल समारोह भगतजी संजय चांवरिया के नेतृत्व में निकाला गया. चलसमारोह के प्रमुख सेवादार आदित्य चावला रहे.**

शहर में रविवार की शाम निकाली गई छड़ी महोत्सव शोभायात्रा जब शहर के मुख्य मार्गों से निकाली गई. छड़ी महोत्सव जाहरवीर गोगा महाराज का चलसमारोह गवोईपुरा से शुरू हुआ. जो कि तिपट्टा बाजार दुर्गा चौक न्यू मार्केट इंडियन चौराहे मां भगवती माता मंदिर से होता हुआ महामाया चौक से गंजबाजार सागर भोपाल तिराहे से होते हुए



वापस वार्ड 6 गवोईपुरा पहुंचकर आरती पूजन के साथ समापन हुआ. चल समारोह में वाल्मीकि समाज के पुरुष महिलाओं सहित उस्ताद नरेंद्र चावला, टिकायती मयंक लोहट, विवेक लोहट, प्रभात चावला तरुण चावला संजय चावला,दातार चावला अमित चावला, अभिषेक चावला, चंद्रेश चावरिया, राम सिंह गौहर, साहिल चावला, युवराज चावरिया आदि शामिल हुए.

**प्रदूषण** ▸ कई बार शिकायतों के बाद भी नहीं हुआ समस्या का समाधान

# हड्डी फैक्ट्री से फैल रही बदबू से लोग परेशान

नवभारत न्यूज

**सलामतपुर, 17 अगस्त. भोपाल-विदिशा स्टेट हाईवे 18 पर बेरखेड़ी चौराहे के आगे स्थित हड्डी फैक्ट्री से उठ रही बदबू ने राहगीरों और किसानों की जिंदगी दूभर कर दी है. फैक्ट्री से निकलने वाली तेज दुर्गंध के कारण आसपास के खेतों में काम करना किसानों के लिए मुश्किल हो गया है.**

वहीं, हाईवे से गुजरने वाले वाहन चालकों और यात्रियों को भी इस बदबू की वजह से भारी परेशानी उठानी पड़ रही है. ग्रामीणों का कहना है कि इस समस्या की शिकायत वे कई बार पंचायत स्तर पर कर चुके हैं. पंचायत द्वारा फैक्ट्री प्रबंधन को नोटिस भी दिए गए, लेकिन स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ. इस संबंध में जब आसपास क्षेत्र के ग्रामीणों से बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि हड्डी फैक्ट्री से बदबू आना काफी पुरानी समस्या है. इसकी बदबू ने जीना दुश्वार कर रखा है. बदबू की वजह से खाना तक नही खा पाते हैं. बच्चे भी परेशान हैं. फैक्ट्री की बदबू काफी दूर गांव तक पहुंच जाती है. कई बार शिकायत के माध्यम से ज़िम्मेदार अधिकारियों को अवगत करा चुके हैं लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ है. अब देखना यह होगा कि प्रशासन की कार्रवाई से लोगों को इस बदबू से कब तक राहत मिलती है.



> आपके द्वारा यह मामला मेरे संज्ञान में लाया गया है. प्रदूषण नियंत्रण की टीम मौके पर भेजकर उसका सर्वे करा लेंगे. और जो समुचित कार्रवाई की जा सकती है. टीम को करने के लिए निर्देशित करेंगे.
>
> **-अरुण कुमार** विश्वकर्मा, कलेक्टर रायसेन.